Punjab News: कंपनी के नाम पर नकली बासमती बेचने वाली तीन फर्मों के खिलाफ हैदराबाद में केस दर्ज, मामले की होगी जांच

जागरण संवाददाता, तरनतारन। गांव कालिया स्थित चावल एक्सपोर्टर बाबा नागा एग्रो प्राइवेट लिमिटेड कंपनी व अबीदा कंपनी के चेयरमैन सुनील चड्ढा ने बताया कि उनके द्वारा बासमती चावल को देश के अलावा विभिन्न देशों में भेजा जाता है। हैदराबाद में उनकी कंपनी के सेल अधिकारी रोहित तिवारी द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में बाबा नागा एग्रो प्राइवेट एग्रो लिमिटेड द्वारा तैयार किए गए चावल की अबीदा की नकली पैकिंग बाजार में बेची जा रही थी।

टीम ने किया खुलासा

नकली पैकिंग की जानकारी मिलते ही हैदराबाद में उन्होंने अपनी टीम भेजी। टीम ने कई दिन जांच के बाद पाया कि रोहित द्वारा उनके ब्रांड की नकल करके उसी तरह की पैकिंग बाजार में बेची जा रही है, जिसके चलते मार्केट पर असर पड़ता है। वहीं ब्रांडेड कंपनी के नाम पर दुरुपयोग होता है।

कंपनी के नाम पर हो रही थी धांधली

सुनील ने बताया कि हैदराबाद के शहपुर नगर मार्केट में शुभ लक्ष्मी ट्रेड द्वारा दो माह से हाथ से पैक किए गए थैले में नकली बासमती बेची जा रही थी, अबीदा कंपनी को बदनाम किया जा रहा था। इसी तरह श्री महिमा इंटरप्राइजेस महाराज गंज द्वारा बासमती चावल बाबा नागा के नाम पर बेचे जा रहे थे। इसी क्षेत्र में मैनेजर सुनील तिवारी द्वारा नकली बासमती बेचने वाले दुकान मालिक गोविंद राम से पूछताछ की गई तो कोई जानकारी शेयर नहीं की गई।

Source: https://www.jagran.com/punjab/tarantaran-case-registered-in-hyderabad-against-three-firms-selling-fake-basmati-in-name-of-company-in-punjab-23682164.html